# हेड कांस्टेबल पर लव जिहाद का आरोप

## कोतवाली थाने पर हिंदू जागरण मंच का जोरदार प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** कथित लव जिहाद के मामले को लेकर मंगलवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाने के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी और हेड कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई तथा एक फरार युवक की गिरफ्तारी की मांग की। जिला संयोजक माधव झा ने बताया कि 17 जून को संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोटवाड़ा रोड स्थित जंगल क्षेत्र में एक युवती और दो युवकों को पकड़ा था।

सूचना पर पहुंची पुलिस को पता चला कि युवकों में से एक शोएब अली, कोतवाली थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल इरशाद अली का बेटा है। मामले में पुलिस ने शोएब अली के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया था, जबकि दूसरा युवक मौके से फरार हो गया था।संगठन का आरोप था कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई और हेड कांस्टेबल के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाना परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना पर सीएसपी अभिनव बारंगे मौके पर पहुंचे और संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने हेड कांस्टेबल इरशाद अली को लाइन अटैच किए जाने की जानकारी दी तथा फरार आरोपी की तलाश जारी होने का आश्वासन दिया। कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद हिंदू जागरण मंच ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में युवती की ओर से किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, जबकि फरार युवक की तलाश के प्रयास जारी हैं।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक करने के आदेश जारी

**खण्डवा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, खंडवा शहरी के रणजीत वार्ड के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र-पारिजात कन्ट्रोल के सामने में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संगीता यादव को पद से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं।परियोजना अधिकारी ने बताया कि कार्यकर्ता यादव द्वारा पिछले काफी समय से अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन एवं विभागीय कार्यों में लापरवाही एवं अनियमितताएं बरती जा रही थी तथा सेक्टर पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता यादव अधिकांशतः अनुपस्थित पाई गईं। इनके द्वारा नियमानुसार आंगनवाड़ी केन्द्र का संचालन भी नहीं किया जा रहा है। इस सम्बंध में परियोजना कार्यालय से भी इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किये गये किन्तु संतोषप्रद जवाब प्राप्त न होने से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता यादव को पद से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**खंडवा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी, खंडवा के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि उपज मंडी समिति, खंडवा के सचिव महोदय को ज्ञापन सौंपकर व्यापारी एवं किसान के हित मे शासन के इस निर्णय का कड़ा विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग करी कि मंडी शुल्क में वृद्धि से व्यापारी, किसान एवं आम उपभोक्ता वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। इस निर्णय से कृषि उपज के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा किसानों और व्यापारियों की समस्याएं और बढ़ेंगी। कांग्रेस ने इसे जनविरोधी निर्णय बताते हुए मंडी शुल्क वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की।कांग्रेस पार्टी ने सचिव महोदय के माध्यम से शासन से मांग की कि मंडी शुल्क वृद्धि के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि किसानों, व्यापारियों एवं आमजन के हितों की रक्षा हो सके। इस अवसर पर कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ, खंडवा के अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, व्यापारियों और आमजन के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज़ बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील आर्य, डॉ चेनसिंह वर्मा, अल्ताफ कुरैशी,राम वर्मा, डॉ शरद हरणे, विशाल जैन, मनोज मंडलोई, अल्ताफ कुरैशी, असलम गोरी, योगेश जांगिड़, उदय सोनी, समीर खान, वकील नीलकंठ, भुवनेश जोशी,शारिक खान सहित अन्य कांग्रेसजन एवं व्यापारीगण मौजूद थे।

# केपीसीएल एफपीओ में कस्टम हायरिंग सेंटर का उद्घाटन

**किसानों को मिलेगी आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा**



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले के ग्राम बावडि़या काजी स्थित केपीसीएल किसान उत्पादक संगठन द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया।

एफपीओ परिसर में स्थापित आधुनिक ग्रेडिंग प्लांट का भी अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की मुख्य महाप्रबंधक सी सरस्वती उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर खंडवा सृष्टि देशमुख ने की। केपीसीएल एफपीओ के अध्यक्ष कमलेश पटेल ने संगठन की गतिविधियों और कस्टम हायरिंग सेंटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे खेती की लागत कम होगी तथा कृषि कार्यों में गति और दक्षता बढ़ेगी। अपने संबोधन में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन किसानों को संगठित कर उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और कृषि आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने पर बल दिया। मुख्य अतिथि सी सरस्वती ने कहा कि एफपीओ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। कृषि उत्पादों में मूल्य संवर्धन से किसानों को बेहतर लाभ प्राप्त होगा और नाबार्ड भविष्य में भी एफपीओ के संस्थागत विकास एवं व्यवसाय विस्तार में सहयोग देता रहेगा।कार्यक्रम में नाबार्ड, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सहकारी बैंक, बाएफ लाइवलीहुड्स सहित विभिन्न संस्थाओं के अधिकारी एवं 300 से अधिक महिला-पुरुष किसान सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जेएल पाटीदार तथा आभार प्रदर्शन एचएन मालवीय ने किया।

## डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पंधाना मंडल में श्रद्धांजलि सभा



**खंडवा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को पंधाना मंडल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए दिए गए उनके योगदान को स्मरण किया।समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उनका संकल्प देश की एकता का प्रतीक था, जिसके लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।विधायक छाया मोरे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की सोच और आदर्श भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने का उनका सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ और इससे राष्ट्रीय एकता को और मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।कार्यक्रम के दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर पंधाना मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, नगर परिषद सभापति जगदीश एकले, अमजद कादरी, धर्मेंद्र राठौर, राजेश राठौर, शैलेश राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस का शक्ति प्रदर्शन, हुई बलवा ड्रिल

**खंडवा।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए खंडवा पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल का आयोजन कर जवानों ने हर तरह की आपात स्थिति और कानून-व्यवस्था की चुनौती से निपटने का अभ्यास किया। ड्रिल के दौरान पुलिस बल ने बलवा सामग्री के उपयोग, त्वरित कार्रवाई, विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा तथा संयम के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने जवानों को विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित किया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। खंडवा पुलिस हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद और तैयार है।मोहर्रम को लेकर पुलिस एवं प्रशासन लगातार आयोजकों के साथ बैठकें, फ्लैग मार्च और जनसंवाद कर आमजन से आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील कर रहा है।

## मोहर्रम से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन का फ्लैग मार्च



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत अनुविभागीय अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा आयोजन समितियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकें आयोजित कर आपसी भाईचारे और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी मुंदी मनोहर गवली ने थाना प्रभारी नर्मदा नगर के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। वहीं अनुविभागीय अधिकारी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर ने थाना प्रभारी हरसूद एवं पुलिस बल के साथ छनेरा क्षेत्र में मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अलावा थाना प्रभारी मुंदी, धनगांव, छैगांव माखन, पंधाना, पिपलोद एवं खालवा सहित विभिन्न थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों से आगामी मोहर्रम पर्व को आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। पुलिस एवं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं तथा असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में ग्राम कटार निवासी कैलाश बैरागी ने नर्मदा परिक्रमा मार्ग के ऊबड़-खाबड़ होने और मुरम नहीं डाले जाने से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम पुनासा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्राम सुरगांवजोशी के सदाशिव ने परंपरागत मार्ग एवं पानी निकासी के रास्ते पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार खंडवा को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं खालवा तहसील के ग्राम रजूर निवासी करतार सिंह कोरकू ने अपनी भूमि गलत नाम से दर्ज होने की शिकायत की, जिस पर एसडीएम हरसूद को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।दादाजी वार्ड निवासी रानी पटेल ने माता-पिता के निधन और वृद्ध दादी के सहारे जीवनयापन की स्थिति बताते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम किरगांव निवासी हीरालाल चौहान ने ग्राम पंचायत डोंगरगांव में तालाब खुदाई कार्य में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की, जिस पर जिला पंचायत सीईओ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं आवासहीन संगीता मीणा को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए नगर निगम आयुक्त को पात्रता परीक्षण कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से निराकरण सुनिश्चित करना है।

## जिले में मेहरबान हुआ मानसून, 24 घंटे में 14 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 14.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडवा तहसील में 15 मिमी, नया हरसूद में 6 मिमी, पंधाना में सर्वाधिक 32 मिमी, पुनासा में 15 मिमी तथा खालवा तहसील में 4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष 23 जून तक जिले में मात्र 1.2 मिमी औसत वर्षा हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक 28.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

इस अवधि में खंडवा तहसील में 15 मिमी, नया हरसूद में 46 मिमी, पंधाना में 32 मिमी, पुनासा में 41 मिमी तथा खालवा में 10 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।वहीं एक जून 2026 से 23 जून तक जिले में कुल 144 मिमी वर्षा हो चुकी है, जिससे किसानों और आमजन को राहत मिली है। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट कार्यालय के अनुसार इंदिरा सागर जलाशय का जलस्तर 248.30 मीटर तथा ओंकारेश्वर जलाशय का जलस्तर 195.02 मीटर दर्ज किया गया है।लगातार हो रही बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं, जिससे किसानों में उत्साह का माहौल है।

## भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा से गूंजा शहर



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के अवसर पर आयोजित छह दिवसीय उत्सव के मुख्य दिवस पर मंगलवार को भगवान महेश की शोभायात्रा श्रद्धा-उल्लास के साथ निकाली।

बैंड-बाजों, ढोल की थाप और भजनों की मधुर स्वर लहरियों के बीच महिला, पुरुष और युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए शोभायात्रा में सहभागिता की। भगवान महेश के जयघोषों से पूरा वातावरण में सराबोर हो गया। प्रातः श्री सत्य लक्ष्मी नारायण मंदिर, बुधवारा बाजार में पंडित लक्ष्मीदत्त दाधिच एवं पंडित अमित दाधिच के आचार्यत्व में भगवान महेश का महाभिषेक और विशेष पूजन किया। श्री राम मंदिर, बड़ा बम परिसर से भगवान महेश को आकर्षक रथ में विराजित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष नारायण बाहेती ने बताया कि शोभायात्रा में समाज के वर्गों की भागीदारी रही। माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष मनीष काबरा, सचिव पंकज मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेश बंग, पंचायत सचिव विजय राठी सहित वरिष्ठजनों ने नेतृत्व किया। महिला मंडल अध्यक्ष नीता राठी एवं सचिव कविता मूंदड़ा के नेतृत्व में महिलाओं ने तथा युवा संगठन अध्यक्ष सुयश काबरा एवं सचिव गोविंदा काबरा के नेतृत्व में युवाओं ने विशेष उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। माहेश्वरी मित्र मंडली, वैश्य महासम्मेलन, काकाणी परिवार एवं समाज बंधुओं द्वारा भगवान महेश की आरती कर स्वागत किया गया। प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए शोभायात्रा पुनः श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

# बाल संरक्षण का प्रेरणादायक मॉडल बना खंडवा




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जब किसी संकल्प का उद्देश्य नौनिहालों के उपेक्षित भविष्य को संवारना हो, तो वह प्रयास स्वतः ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बन जाता है। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और उनकी टीम ने इसी ध्येय को चरितार्थ कर दिखाया है।

किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए, आज खंडवा जिला बाल अधिकारों की रक्षा और उनके पुनर्वास के मामले में प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक सशक्त मिसाल बन गया है। समिति का स्पष्ट मानना है कि बाल संरक्षण केवल एक वैधानिक दायित्व नहीं है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी है जो सीधे राष्ट्रहित से जुड़ी है।

**समिति की प्रमुख उपलब्धियां और त्वरित न्याय-** टूटे हुए आत्मविश्वास को फिर से खड़ा करने और बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने के लिए समिति ने जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय कार्य किए हैं। समिति द्वारा 350 से अधिक बच्चों का पारिवारिक एवं संस्थागत पुनर्वास किया गया है, वहीं 607 बच्चों को बाल स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया गया है। इसके अलावा 410 से अधिक बच्चों की मनोवैज्ञानिक एवं व्यावहारिक काउंसलिंग कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। समिति ने संवेदनशील मामलों में तत्परता दिखाते हुए पॉक्सो ) प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की है। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नेतृत्व विकास और करियर काउंसलिंग के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**अंतरराज्यीय रेस्क्यू ऑपरेशन** - इस मुहिम का प्रभाव केवल खंडवा या मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं रहा है। समिति ने उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, झारखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक जैसे राज्यों से जुड़े अनेक नाबालिग बच्चों के मामलों में भी प्रभावी हस्तक्षेप कर उनका सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित किया है। बाल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक अभियान चलाए गए हैं। बाल चौपाल , बाल संसद , प्रशिक्षण सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से हजारों नागरिकों को यह समझाया गया कि बच्चों की सुरक्षा केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**ये है सूत्रधार** - अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में इस सफलता की पटकथा लिखने में समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सदस्य मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, स्वप्निल जैन और कविता पटेल ने समर्पण के साथ कार्य करते हुए बाल संरक्षण की इस मुहिम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।